हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़



04 इंसाफः मासूमियत के दुश्मनों को न्यायालय ने...





07 क्वारी नदी ने किया रौद्र रूप धारण खाली कराई गई ...




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर बने संदीप जीआर प्रभारी संभाग आयुक्त



**सागर।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की सेवानिवृत्ति के उपरांत मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत सागर जिले के कलेक्टर संदीप जी आर को संभाग का प्रभारी कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

### पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन यूपीएस भदौरिया ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की उच्च शिक्षा हेतु पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा विभिन्न कोर्सेज करने के अवसर प्रदान किये जा रहा हैं। साथ में छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। इच्छुक पूर्व सैनिक विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर से संपर्क कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में हुई 287 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 287 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, आरती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 287 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### जिले में अब तक 175.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 175.2 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 285.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 141.8 मि.मी., जैसीनगर में 124.6 मि.मी., राहतगढ़ में 285.4 मि.मी., बीना में 165.2 मि.मी., खुरई में 219.7 मि.मी, मालथौन में 180.0 मि.मी., बण्डा में 155.4 मि.मी, शाहगढ में 172.0 मि.मी, गढ़ाकोटा में 184.4 मि.मी, रहली में 188.3 मि.मी, देवरी में 93.2 मि.मी. तथा केसली में 192.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### माह जून में आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवायाँ

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशन में एवं कीर्ति दुबे, सहायक आयुक्त आबकारी जिला सागर के मार्गदर्शन में आबकारी स्टॉफ द्वारा 17जून को अवैध मदिरा परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही कर 01 मोटरसाइकिल से परिवहन की जा रही 337 पाव विदेशी मदिरा जप्त कर 02 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, 27 जून को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना के आधार पर शाहपुर अंतर्गत सूरज अहिरवार के रिहायशी आवास पर आकस्मिक दबिश दी जाकर तलाशी लेने पर 286 पाव देशी मदिरा मसाला प्रिंस ऑरेंज जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। 30 जून को सहायक जिला अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में पिकअप वाहन से कुल 50 पेटियों में प्रत्येक पेटी में 50 पाव पावर स्ट्रांग व्हिस्की के कुल मदिरा 450 बल्क लीटर जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।

सहायक प्राध्यापक से शुरू किया कॅरियर, सेवानिवृत्ति पर गुरु बनकर दी शिक्षा

# संघर्ष और संकल्प का फल हमेशा मीठा होता है, मां की जिद, संघर्ष और जुनून ने बनाया आईएएस : सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सहायक प्राध्यापक से शुरू किया करियर, सेवानिवृत्ति पर गुरु बनकर दी शिक्षा, संघर्ष और संकल्प का फल हमेशा मीठा होता है, मां की जिद, संघर्ष और जुनून ने बनाया आईएएस, सफलता में महिला शक्ति का हाथ होता है। उक्त विचार सेवानिवृत्त कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अपनी विदाई समारोह के अवसर पर व्यक्त किए।




इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, अपर सचिव संजय मिश्रा, पुलिस उप पुलिस महानिरीक्षक सुनील पांडे, प्रभारी कमिश्नर सागर संभाग एवं कलेक्टर संदीप जी आर, दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर, निवाड़ी कलेक्टर, अपर कमिश्नर पवन जैन, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, जॉइंट कमिश्नर राकेश शुक्ला, डिप्टी जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, सहित अन्य जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित सभी संभागीय एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

सेवानिवृत्त संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि निरंतर संघर्ष करने के बाद ही सफलता मिलती है, उसका फल अवश्य ही मीठा होता है और व्यक्ति की सफलता के पीछे महिला शक्ति का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि मेरी मां और पत्नी ने मुझे इस प्रकार की प्रेरणा दी कि मैं आज यहां तक पहुंच सका। उन्होंने कहा कि मेरी मां की जिद थी कि मैं कलेक्टर बनू और मेरी पत्नी ने हमेशा मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा है कि मनुष्य को निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष करना चाहिए तथा अपने बच्चों, परिजनों को भी कडे. परिश्रम कर आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि मां की जिद, सर्घष और जुनून प्रेरित करने के कारण मैंने अच्छी शिक्षा गृहण की और कलेक्टर और कमिश्नर के पद को सुशोभित किया।

सेवानिवृत संभाग कमिश्नर ने कहा कि मैंनें अपना करियर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रूप में शुरू किया था और आज जब मैं सेवानिवृत हो रहा हूं तो मुझे शिक्षक की भूमिका याद आ रही है इसलिए मैं आप सभी को यही शिक्षा दे रहा हूं कि आप सभी इस प्रकार की अपने बच्चों को अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को शिक्षा दें कि वह आगे बढ़े और बेदाग अपना कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि शुरुआत में मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत ही खराब थी किंतु मन में संघर्ष संकल्प होने के कारण खराब स्थिति को अच्छी स्थिति में हम सभी 6 भाई बहनों ने बदलने का कार्य किया।

इस अवसर पर प्रभारी संभाग कमिश्नर एवं सागर जिले के कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि संवेदनशीलता, सहजता, समाज से जुड़ाव हमेशा प्रगति के पथ पर ले जाता है इसलिए हमें हमेशा इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त संभाग कमिश्नर डॉ वीरेंद्र सिंह रावत के द्वारा जो कार्य किए जा रहे थे वह निरंतर आगे जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति के जो कार्य प्रारंभ किए गए वह हमेशा जारी रहेंगे।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने कहा कि आपका साथ अवश्य ही 25 दिन का रहा हो लेकिन 25 दिन में हमने आपसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के दिन ही निवृत्ति की तारीख तय हो जाती है और यह तारीख हमेशा याद रखना चाहिए। आप सामाजिक व्यवहार एवं उच्च व्यक्तित्व के धनी रहे। अब आप अपने भविष्य के सपनों के साथ अपना जीवन पूरा करें और स्वस्थ रहें।

अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन संजय मिश्रा ने कहा कि निश्चिन्तता के साथ नौकरी करना सीखना हो तो डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत से सीखना होगा। उन्होंने कभी भी अपने नौकरी में तनाव नहीं लिया बगैर तनाव के पूरा संभाग का कार्य करते रहे। मुख्य वन संरक्षक श्री रितु दमन सिंह ने कहा कि आज आप शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं किंतु अब आपके ऊपर पारिवारिक दायित्व अधिक रहेंगे आप सभी दायित्वों का अपने चिरपरिचित अंदाज में पूरा करेंगे। उप पुलिस महानिरीक्षक सुनील पांडे ने कहा कि गंभीर समय में भी आसानी से कार्य करने की आपकी कला हमेशा हम सबको याद दिलाती रहेगी आप जिस तरह नौकरी में रहकर खुश रहे आप इस तरह आगे खुश रहे और अपने परिवार को समय देते रहे।

पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि आज सेवानिवृत्ति का दिन नहीं बल्कि हमारे कमिश्नर की जॉइनिंग हो रही हो उनके चेहरे पर हमेशा इसी प्रकार की खुशी मुस्कुराहट बनी रहे यही मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके साथ रहकर जो जिले में कार्य किया है वह हमेशा याद रहेगा।

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा कि आपका और मेरा पुराना रिश्ता है क्योंकि आप और हम खरगोन जिले से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि आपका जो शुरू से मार्गदर्शन मिला है उसी से आज मैं दमोह जिले में कार्य कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि आशा करता हूं कि इस प्रकार का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा।



## कलेक्टर पहुंचे दिव्यांगों के बीच, सुनी उनकी समस्याएं, दिए निराकरण करने के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर मंगलवार को जनसुनवाई करने के उपरांत दिव्यांगों के लिए बनाए गए अलग कक्ष में पहुंचे जहां पहले से मौजूद दिव्यांगों ने अपनी समस्याएं विस्तार से बताई, समस्याओं में प्रमुख रूप से बैटरी वाली ट्राई साइकिल की मांग की। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित के दिव्यांग प्रमाणपत्र की जांच कर पात्रतानुसार बैटरी वाली ट्राई साइकिल प्रदान करें। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा जिले में समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक एवं दिव्यांग, कमजोर, जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उनके द्वारा जनसुनवाई में आने वाले व्यक्तियों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ दिव्यांग फ्रेंडली जनसुनवाई करते हुए दिव्यांगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।



## शास. हाईस्कूल सत्ताढाना की प्राचार्य संध्या दुबे के सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह

**सागर।** जैसीनगर विकासखंड की शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ प्राचार्य संध्या दुबे के 39 वर्षों की सेवा उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें शासकीय हाई स्कूल सत्ताढाना के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संध्या दुबे का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्राचार्य संध्या दुबे के कुशल नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा एवं कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुबे 1985 में सहायक शिक्षक के रूप में शिक्षा विभाग में पदस्थ हुई और अपने अथक परिश्रम एवं समर्पण के साथ वे प्राचार्य के पद तक पहुंची। संध्या दुबे के कार्यकाल में हाईस्कूल की शिक्षा व्यवस्था में अत्यधिक सुधार हुआ जिस कारण स्कूल की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी संतोषजनक रहा। उनकी कार्य प्रणाली सभी के लिए प्रेरणादायक है तथा सेवानिवृत्त होने के पश्चात वे स्वस्थ एवं दीर्घजीवी होकर अपने परिवार एवं समाज कल्याण के लिए कार्य करती रहें। इस अवसर पर जैसीनगर विकासखंड की सहायक संचालक सृष्टि पटैल एवं शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी संध्या दुबे को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डाली जैन, सुनीता पाठक, राकेश सेन, बृजेन्द्र पांडेय सहित परिवार के सदस्य प्रकाश दुबे सेवानिवृत्त बीईओ, इंजीनियर राजेंद्र दुबे, आनंद दुबे नगर निगम, परितोष मिश्रा, अतुल मिश्रा, विनोद वैद्य, शशिकांता दुबे, आशा वैद्य, डॉ अभिषेक दुबे, मुदित दुबे, हर्ष दुबे, अतुल वैद्य, गार्गी, गौरवी, सुरभि, शिवानी, बृजेश गोस्वामी, मनोज तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## जनसुनवाई में नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आयोजित की गई जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु आवेदन संबंधित विभागों को भेजकर आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो से आये नागरिक जिनमें रामकुमार यादव मकरोनिया, रामकृष्ण साहू गोपालगंज, राजेश महेश्वरी भगवानगंज, मनीष कुमार एवं अन्य तिलक वार्ड ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए । इसके साथ ही दो आवेदन योजना शाखा से संबंधित प्राप्त हुए जिनका तत्काल निराकरण किया गया। जनसुनवाई में उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## झाडू निर्माण में 13 दिवसीय प्रशिक्षण महिलाओं के लिए किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सागर इकाई के द्वारा जिले के खुरई के दो ग्रामों में झाडू निर्माण से जुड़ी परिवारों की महिलाओं को 13 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में उन्हें परंपरागत तरीके से बनाई जाने वाली झाडू को और बेहतर बनाने के लिए नवीन डिजाइन और तकनीकी का इस्तेमाल कर झाडू निर्माण की कला सिखाई गई। इसमें 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और उन्हें 13 दिनों तक झाडू बनाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस कला को स्वयं सीखने के अनुभव पर जिला प्रबंधक, कौशल उन्नयन समीर प्रकाश दीक्षित ने कहा कि इस तकनीकी को सीखने के लिए महिलाओं से पहले चर्चा की गई थी, और जो महिलाएं पहले से इस कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें प्राथमिकता दी गई।




विकासखंड प्रबंधक, खुरई, रोहित मोदी ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के लिए अनावश्यक था, यानी वे अपने गांव में रहकर एकत्रित हुईं और प्रशिक्षक, जो मंडला जिले से विशेष रूप से बुलाए गए थे, ने उन्हें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी।

सागर जिला कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में संचालित इस प्रशिक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके पास उपलब्ध कौशल में सुधार करते हुए, उनके उत्पादों में वैल्यू एडिशन कर बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग दी गई है। इस प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप अब महिलाएं जो उत्पाद बना रही हैं, उनके खरीदार पहले से ही लाइन में खड़े हैं। स्थानीय व्यापारी, जो झाडू खरीदने के इच्छुक थे, अब इन महिला समूहों से सैंपल देखकर संपर्क कर रहे हैं। आसान बाजार उपलब्धता के कारण महिलाएं अपने उत्पादन को बढ़ा सकेंगी और उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा।



## नेशनल डॉक्टर्स-डे के अवसर पर डीपीएस स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सागर।** देश के सबसे सम्मानित चिकित्सकों में से एक और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के दूरदर्शी डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में प्रति वर्ष भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। आज उन्हीं के सम्मान में दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा साथ ही थैलीसीमिया से पीढ़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की प्रभारी शिक्षिका अनीता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार केम्प बड़े स्तर पर आयोजित कराया गया था, जिसमें जिला चिकित्सालय, भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय, व संजीवनी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया है। कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए सेमीनार भी आयोजित किया गया था। भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय से आए मेडीकल ऑफीसर डॉ. रक्षित शर्मा, डॉ. स्वदेश सोनी, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सुभांगी ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधित उचित परामर्श प्रदान किया तथा उपचार का उपाय बताया। डॉ. अभिषेक जैन (संजीवनी हॉस्पिटल) ने सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों में आयु की वृद्धि के साथ उत्पन्न होने वाली शारीरिक समस्याओं के संबंध में जानकारी दी व उपचार के उपाय भी बताए। वहीं जिला चिकित्सालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला, विद्यालय के शिक्षकों, तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित 30 लोगों रक्तदान किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने शिविर को लेकर बताया, कि 'स्वास्थ्य तन में ही स्वास्थ्य मन का वास होता है', ज्ञानार्जन और उत्तम जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य चाहिए। विद्यार्थी स्वास्थ्य रहें और सुखमय विद्योपार्जन कर सकें, इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय हर साल नेशनल डॉक्टर्स-डे पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराता है।वहीं स्वास्थ्य शिविर के उपरांत विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने सभी डॉक्टर्स को सम्मानित कर उनके कार्य को सराहा तथा उनका आभार माना।

आयोजन में अनेक राष्ट्रीय संतजनों का आगमन होगा, कई अनुष्ठान होंगे संपन्न

# 2 को महाराजजी की अगवानी व 3 जुलाई से भक्तमाल कथा और गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री भक्तमाल कथा, श्री गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव एवं अनेक राष्ट्रीय संतजनों का संत समागम 02 जुलाई से 10 जुलाई श्री देवराहा बाबा सिद्ध प्रांगण रियार्थ इन होटल बम्होरी रेंगुआ म श्री श्री 108 स्वामी महंत श्री किशोरदास देव जू महाराज श्री गोरे लाल कुंज श्री धाम वृन्दावन के सानिध्य में यह भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियाँ लगभग दो माह से निरंतर चल रही हैं। इस अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में महाराज जी की दिव्य एवं भव्य अगवानी 02 जुलाई दिन बुधवार को सायं 04:00 बजे से मकरोनिया से शुरू होगी जो होटल पैराडाईज से होते हुये मकरोनिया चैराहा से हॉक केंटीन होते हुये कठवा पुल पर सागर षिष्य मंडल द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा उसके बाद सिविल लाईन चैराहा से जिला पंचायत तिराहा से गायत्री मंदिर गोपालगंज तिराहा, गोपालगंज काली तिराहा से बस स्टेण्ड से नाव मंदिर, परकोटा से होते हुये ऊपर कोतवाली तिराहा से बड़े बाजार, सराफा से होते हुये मोतीनगर चैराहा से ओवरविज्र से होते हुये विद्यासागर बस स्टेण्ड, भाग्योदय अस्पताल से मण्डी चैराहा से होते हुये कथा स्थल होटल रियार्थ इन, बम्हौरी रेंगुआ में दिव्य व भव्य अगवानी सम्पन्न होगी।



श्री भक्तमाल कथा 03 जुलाई से 09 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से हरि इच्छा तक होगी, श्री गोपाल महायज्ञ का आयोजन 03 जुलाई से 09 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 08 बजे से होगा, कार्यक्रम में प्रतिदिन भक्तों के लिए रासलीला दर्शन का कार्यक्रम 03 जुलाई से 09 जुलाई तक प्रतिदिन सायं 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जावेगा साथ ही गुरूदीक्षा का कार्यक्रम 05 जुलाई से 09 जुलाई प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। श्री गुरूपूर्णिमा व श्री सद्गुरूदेव भगवान जी के पूजन का समय प्रातः 09 बजे से हरि इच्छा तक रहेगा एवं भक्तों के लिए फूलबंगला व विशाल भण्डारा का आयोजन दिनांक 10 जुलाई दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे से किया जावेगा।

इस भव्य आयोजन में अनेक राष्ट्रीय संतजनों का आगमन भी होने जा रहा है जिनमें अनंत श्री विभूषित अग्रमलूक पीठाद्धीश्वर डॉ राजेन्द्रदास जी देवाचार्य जी, अनंत श्री विभूषित महंत श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, श्री देवदास जी महाराज जी (श्री देवराह बाबा वाले), श्रीश्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार, श्री स्वामी महंत रामप्रवेशदास जी महाराज, बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी, श्री चिन्मयानंद जी बापू, श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज, श्री इंद्रेश उपाध्याय जी, श्री राधाकृष्ण दास जी महाराज, श्री राधागोविंद दास गोस्वामी जी महाराज, श्री रामअनुग्रह दास जी अजबधाम, श्री हरदेव जी टोंटे बीना, श्री अनिरूद्धाचार्य जी के साथ ही क्षेत्र व बुंदेलखण्ड के समस्त पीठाधीश्वर, महामण्डलेश्वर, संत-महात्मा, इस गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव एवं भक्तमाल कथा में सम्मिलित हो रहे है। इसके साथ ही 03 जुलाई को मलूक पीठाद्धीश्वर डॉ राजेन्द्रदास जी देवाचार्य जी व श्री श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार, 05 जुलाई को श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी, मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पं. श्री विष्णु दत्त शर्म, केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत , भाजपा जिलाअध्यक्ष ष्याम तिवारी, डॉ0 लतावानखेड़े सांसद सागर, विधायक शैलेन्द्र जैन, नगर निगम महापौर संगीता डॉ. सुषील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृनदावन अहिरवार, का इस आयोजन में आगमन होने जा रहा है। इसके साथ 06 जुलाई को बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी, श्री चिन्मयानंद जी बापू, 07 जुलाई को श्री लखन पटेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पूर्व केबिनेट मंत्री व वर्तमान रहली विधायक पं. गोपाल भागर्व, पूर्व गृहमंत्री व वर्तमान खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन व प्रदीप लारिया इंजी. सहित सभी पार्शदगण एवं सामजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों के अध्यक्षगण एवं सभी धर्मप्रेमी बंधुजन, श्रद्धालुजन इस भव्य आयोजन में सम्मिलित रहेंगे।

### एक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम व दूसरे को आजीवन कारावास की सजा

# इंसाफः मासूमियत के दुश्मनों को न्यायालय ने भेजा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मासूम चेहरों पर भी तरस न खाने वाले दो वहशियों को पास्को के दो अलग अलग मामलो में न्यायालय ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। जिसमे से जतारा थाना अंतर्गत पास्को व दुष्कर्म मामले में आरोपी को पास्को एक्ट में आजीवन कारावास एबं अन्य दो अलग अलग धाराओं में 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गईं। बही दूसरा मामला कोतवाली थाना अंतर्गत का है जिसमे पास्को व दुष्कर्म की दो अलग अलग धाराओं में आरोपी को 2 वर्ष व 3 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गईं। दोनों पीड़ितो की ओर से शासकीय विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुवे ने दमदार पैरवी की और आरोपियों को सजा दिलाई।

### कन्याभोज के बहाने ले मासूम से किया गंदा काम

पास्को एक्ट विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुवे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 18 अक्टूबर 2022 को पीड़ित बच्ची की मां द्वारा थाना जतारा जाकर सूचना दी गईं थी कि उसकी 9 वर्षीय बेटी सुबह स्कूल पड़ने गई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे उसे ज़ब अपनी बेटी के रोने की आवाज आई तो उसने घर के पीछे जाकर देखा तो उसकी बेटी निर्वस्त्र अवस्था में रोते हुई आ रही थी। जब उसने अपनी बच्ची से कपड़ों के बारे में एवं रोने का कारण पूँछा तब उसने बताया कि जब यह स्कूल से घर आ रही थी तब रास्ते में उसे संजय मिला और उसे कन्या भोज के बहाने अपने घर ले गया। जहां उसे कमरे में बंद करके उसके साथ गलत काम किया और उसके रोने पर आरोपी संजय ने उसे धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बच्ची की मां द्वारा की गई शिकायत पर थाना जतारा में महिला उप निरीक्षक नीतू खटीक द्वारा मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना के संबंध में पीड़ित बच्ची और उसकी मां के कथन उनके बताये अनुसार दर्ज किये। और फिर मामले की विवेचना शुरू की गईं। विवेचना के दौरान जतारा थाना में पदस्थ निरीक्षक हिमांशु भिडिया द्वारा घटना स्थल पर जाकर गबाहो की उपस्थिति में नक्शा मौका तैयार करते हुए सभी आवश्यक गबाहो के कथन दर्ज किए। इसके बाद आरोपी संजय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। पीड़ित बच्ची एवं आरोपी संजय का मेडीकल कराकर प्राप्त नमूनों की जांच के लिए एफएसएल भेजा गया।

संपूर्ण विवेचना के बाद आरोपी संजय के विरूद्ध मामला न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण में पीड़ित बच्ची, उसके माता- पिता, डॉक्टर एवं विवेचक सहित कुल 11 लोगो की गबाही कराई गईं। एवं 23 महत्वपूर्ण दस्तावेजों सहित डीएनए रिपोर्ट को वैज्ञानिक साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर विशेष न्यायाधीश द्वारा आरोपी संजय अहिरवार को दोषी पाते हुये पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदण्ड, धारा 363 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 506 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### अश्लील हरकत कर की छेड़छाड़, मामले में पुजारी को मिली सजा



विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि 28 मार्च 2024 को पीड़ित नावालिग लड़की की मां द्वारा कोतवाली में लिखित आवेदन देकर शिकायत की गईं थी कि उनकी 11 वर्षीय लड़की ज़ब मंदिर में दर्शन करने गई थी तभी वहां पर मंदिर के पुजारी गोपाल दास त्यागी द्वारा नावालिग लड़की को प्रसाद देने के बहाने बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी की गई। साथ ही बच्ची को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त लिखित शिकायत पर थाना कोतवाली में महिला उप निरीक्षक वीणा झा द्वारा मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना के संबंध में पीड़ित नावालिग और उसकी मां के कथन उनके बताये अनुसार लिए गए। विवेचना के दौरान कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक कमल विक्रम पाठक द्वारा घटना स्थल पर जाकर गबाहो की उपस्थिति में नक्शा मौका तैयार करते हुए सभी आवश्यक गबाहो के कथन लिए गए।

#### 8 महत्वपूर्ण दस्तावेजों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया

संपूर्ण विवेचना के बाद आरोपी गोपाल दास त्यागी के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष मामला प्रस्तुत किया गया। जिसमे पीड़ित नाबालिग लड़की, उसके माता-पिता एवं विवेचक सहित कुल 6 लोगो के बयान कराये गए एवं 8 महत्वपूर्ण दस्तावेजों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभिलेख पर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य तथा अंतिम तर्क के आधार पर विशेष न्यायाधीश द्वारा आरोपी गोपाल दास त्यागी को दोषी पाते हुये पॉक्सो एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये जुर्माना, पॉक्सो एक्ट की दूसरी धारा के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड एवं धारा 506 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए की निलंबन की कार्रवाई

# स्कूल में पढ़ाने की जगह खर्राटे लेना शराबी शिक्षक को पड़ा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने व अनियमितता करने बाले कर्मचारियों के बिरुद्ध कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की सख्त व त्वरित कार्यवाहियां लगातार जारी हैं। कर्मचारियों द्वारा अपने पद व कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरते जाने की साक्ष्य सहित जानकारी मिलने के कुछ घंटो के भीतर ही कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा कार्यवाही की जा रही है। ऐसा ही एक मामला मोहनगढ़ संकुल अंतर्गत ग्राम पड़वार स्कूल से सामने आने के बाद कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा लापरवाह शिक्षक को तत्काल निलंबित किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया।

मोहनगढ़ संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन वस्ती पड़वार में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सुग्मनलाल बंशकार का कक्षा में बच्चो के सामने कुर्सी पर सोते हुए वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियों में स्कूल के छात्र व ग्रामीणजन बता रहे थे कि उक्त शिक्षक सुगमन लाल प्रतिदिन शराब पीकर स्कूल आते है। बच्चो को पढ़ाते नही है और कुर्सी पर बैठकर सो जाते है। इसके अलावा वायरल वीडियो में छात्रों व ग्रामीणों ने बताया था कि शिक्षक सुगमन लाल समय से पहले स्कूल बंद करके घर चले जाते है।

उक्त वायरल वीडियों की जॉच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जाँच समिति गठित की गईं जिसमे संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनगढ एवं प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्माडॉग को जॉच अधिकारी नियुक्त कर उनसे तत्काल उक्त मांग का जॉच प्रतिवेदन माँगा गया। जॉचकर्ता अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनगढ कैम्प शासकीय प्राथमिक शाला पडवार के द्वारा दिए गए संयुक्त जाँच प्रतिवेदन में बताया गया कि पंचनामा व आरोपी शिक्षक सुगमन लाल के कथन से स्पष्ट है कि शिक्षक सुगमनलाल बंशकार प्राथमिक शिक्षक शराब पीने के आदि है तथा कभी कभार शाला में भी शराब पीकर आते है। जो उनके द्वारा लिखित में स्वीकार किया गया है। इसलिए सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी सत्य पाई गई है। जांच में दोषी पाये जाने पर शिक्षक सुगमनलाल बंशकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। और शिक्षक सुगमन लाल को मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टीकमगढ में अटैच किया गया है।

### 58वें दीक्षा दिवस पर तुलसी के पौधे बांटे

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के 58वें दीक्षा दिवस के अवसर पर भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा फलदार पौधे एवं तुलसी के पौधे बांटे। विशेष अतिथि अरुण सोनी अध्यक्ष लायंस क्लब मौजूद रहे। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह आचार्य श्री के दीक्षा दिवस पर पौधे वितरित किए गए हैं।

### अतिक्रमण बना अवरोध, मकान हो रहे जमीदोंज

# बंडा नहर में पानी तो आया कुछ कसर अभी भी बाकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की ऐतिहासिक बंडा नहर को 60 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद पुनर्जीवित करने का प्रयास करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया ने बंडा नहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप वारिश का पानी बंडा नहर में आ गया। लेकिन बंडा नहर पर किये गए अतिक्रमण का कुछ हिस्सा अभी भी बाकी रह जाने की बजह से बंडा नहर में पानी की समुचित निकासी नहीं हो पा रही। जिससे नमी की वजह से मकानों को नुकसान हो रहा है।

शहर व आसपास के तालाबों के चैनल को जोड़ने वाली बंडा नहर में बारिश का पानी तो भर गया है। लेकिन नहर पर अभी भी कुछ स्थानों पर अवैध कब्जा बना हुआ होने से नहर में पानी की निकासी बाधित हो रही है। जिसकी बजह से नहर में ही जलभराब होने की बजह से नहर के आसपास स्थित मकानों की दीवारों में नमी की बजह से दरारें आ गईं हैं। साथ ही कुछ मकानो की दीबारे भी धराशाई हो गईं हैं।

उक्त स्थिति से पीड़ित लोगों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाते हुए बंडा नहर पर स्थित संपूर्ण अतिक्रमण हटबाकर नहर की सफाई कराने की मांग की है।जिससे नहर में पानी की अविरुद्ध निकासी होती रहे। वारिश के पूर्व गर्मियों में जिला प्रशासन ने नहर की सफाई व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की थी। जिसमे तहत प्रशासन द्वारा नोटिस मिलने के बाद अधिकांश लोगों ने अपने पक्के निर्माण स्वयं हटा लिए थे। लेकिन कुछ जगहों पर अभी भी पक्का स्लैब डला हुआ है। जिसकी बजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। एक जुलाई की सुबह 10 बजे पुराना डाकखाना के पास सीआईडी दफ्तर के बगल में एक कच्चे मकान की दीवार गिर गई। दीवार का कुछ हिस्सा सड़क पर गिरा। हालांकि हादसे के वक़्त सड़क पर कोई न होने से कोई जनहानि नहीं हुई। उक्त स्थिति के संबंध में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने पूंछने पर बताया कि बंडा नहर पर स्थित बाकी बचे हुए अवैध कब्जे को हटाने के लिए निर्देश दें दिए गए हैं।

### एसपी द्वारा संचालित चैकिंग व धरपकड अभियान के तहत की कार्रवाई

# कट्टेबाज युवक को रात्रि गश्त के दौरान पलेरा पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




क्षेत्र में आतंक फैलाने के उद्देश्य से रात में अबैध कट्टा लिए घूम रहे कट्टेबाज युवक को पलेरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान धर दबोचा। उक्त युवक को नयागांव पुलिया के पास से अबैध कट्टा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गईं और फिर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा जिले में अवैध शस्त्रों को रखने वालों की चैकिंग एवं धरपकड अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक जुलाई की दरम्यानी रात्रि में अवैध रुप से 315 वोर का एक कट्टा व जिंदा कारतूस लेकर घूम रहे 19 वर्षीय आरोपी दादी रैकवार निवासी ग्राम लारौन को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी दादी रैकवार को नयागांव पुलिया के पास से गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय जतारा के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे पलेरा थाना प्रभारी मनोज सोनी, प्रधान आरक्षक बालकिशन श्रीवास, रमाशंकर कुशवाहा, आरक्षक ललित कुशवाहा, अजय अहिरवार, सुमित दुवे की सराहनीय भूमिका रही।

#### एसआई जयसिंह को दी गई सेवानिवृत्ति विदाई

नगर के थाने में तैनात एसआई जयसिंह लोधी को सेवानिवृत्त पर थाना स्टाफ ने विदाई दी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने उनके कुशल सेवाकाल पूरा करने पर शुभकामनाएं दीं। थाना प्रांगण में उप निरीक्षक जयसिंह लोधी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में थाना प्रभारी सोनी समेत अन्य स्टाफ ने उन्हें धार्मिक पुस्तक व अन्य उपहार तथा शाल श्रीफल भेंट कर विदाई दी। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने कहा कि सेवा निवृत्त हुए एसआई जयसिंह लोधी का कार्यकाल सराहनीय रहा है। इन्हे कर्तव्यनिष्ठ दरोगा के रूप में याद किया जाएगा। इसके साथ ही पलेरा थाना अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी खजरी के एसआई जयेंद्र गोयल का प्रशासनिक तबादला होने पर उन्हें भी सम्मान विदाई दी गई। इस मौके पर पलेरा थाना पुलिस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




### सीएमओ ने दुकानदारों को किया जागरूक

# डस्टबिन, सिंगल यूज प्लास्टिक व कपड़े के थैले उपयोग करने किया प्रेरित

**टीकमगढ़।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया द्वारा शहर के दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमे नपा सीएमओ भदौरिया के निर्देशन में नगर पालिका के स्वच्छ सर्वेक्षण नोडल अधिकारी दीपक विश्वकर्मा की उपस्थिति में नपा कर्मचारियों द्वारा दुकानदारों को प्रेरित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भदौरिया के निर्देशन में शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नोडल अधिकारी दीपक विश्वकर्मा एबं स्वच्छता दल सहयोगी संस्था आस्था सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा शहर के बाजार में जाकर सोर्स सेग्रीगेसन, प्लास्टिक मुक्त अभियान की गतिविधि संचालित कर दुकानदारों को प्रेरित किया गया। इस दौरान बाजार की प्रत्येक दुकानों पर जाकर दुकानदारों को दुकान के सामने अपना डस्टबीन रखने, गीला, सुखा एवं हानिकारक कचरा अलग अलग रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पानी की बोतल, प्लास्टिक की थाली, गिलास, चम्मच से शहर को मुक्त करने के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही दुकानदारों के अलावा जनता को भी 120 माइक्रो से कम की पॉलीथिन उपयोग न करने व उसकी जगह कपड़े के थैले का उपयोग करने की नसीहत दी गईं। इस दौरान लोगो को बताया गया कि प्लास्टिक से प्रकृति को जबरदस्त नुकसान पहुंचता है। इसलिए प्लास्टिक की जगह कपड़े के थेलो का उपयोग करना प्रकृति के साथ साथ मानव जीवन के लिए भी लाभकारी होता है।

### लोहिया वाहिनी ने कराया कन्याभोज व काटा केक

# पीएम बनाने की कामना से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन बड़े ही जोरदार तरीके से सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियो द्वारा मनाया गया। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने बताया की पीडीए के नायक और भारत के भविष्य अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य केक काटकर भगवान से उनकी दीर्घायु की कामना की गईं। उन्होंने कहा कि आगामी समय में अखिलेश यादव को देश के प्रधानमंत्री पद पर देखने के लिए भगवान से प्रार्थना की गईं। इस मौके पर सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव के साथ सुरेश चढ़ार जिला महासचिव, रहीश अहिरवार जिला सचिव, गौरव सेन खरगापुर विधानसभा प्रभारी, काजल यादव जिला अध्यक्ष छात्र सभा, सत्यम सेन जिला सचिव, वीरपाल, जगदीश, अखंड सहित सपा लोहिया वाहिनी से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शवयात्रा निकालने के दौरान जलभराव स्थिति का सामना करने को विवश ग्रामीण

# परेशान ग्रामवासियों की समस्या सुनने पहुंचे एसडीएम लोकेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के नयाखेरा ग्राम में सरपंच की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को बिगत कई बर्षो से शवयात्रा के दौरान पानी भरे रास्ते से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही टूटे टीनशेड की बजह से वारिश के मौसम में अंतिम संस्कार करने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की उक्त समस्या ज़ब एसडीएम लोकेन्द्र सरल के कानो तक पहुंची तो उन्होंने परिस्थितियों की गंभीरता को समझते हुए तत्काल नयाखेरा गाँव का रुख किया और ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। नयाखेरा गांव में पहुंचे एसडीएम सरल के समक्ष ग्रामीणों ने ज़ब अपनी समस्या बताई तब एसडीएम सरल ने तत्काल मौके पर गांब के सरपंच भूपेंद्र यादव को बुलाया और उनसे मौके पर ही उक्त उदासीनता का जबाब माँगा। सरपंच यादव द्वारा ज़ब संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दिया गया तब एसडीएम सरल ने सरपंच भूपेंद्र को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्रता से कार्य कर मुक्तिधाम में नया टीनसेट डलवाया जाए और शमशान घाट की जगह को साफ सुथरा रखा जाए।





#### अचानक स्कूल पहुंचे एसडीएम को सुनाई छात्रों ने अपनी आपबीती

इसी दौरान एसडीएम लोकेन्द्र सरल अचानक से शासकीय माध्यमिक शाला नयाखेरा पहुंचे, जहाँ छात्र छात्राओं ने अपने बीच एसडीएम को पाकर अपनी समस्या बताते हुए कहा कि स्कूल में मीनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन नहीं मिलता। छात्रों की शिकायत को सुनकर एसडीएम लोकेंद्र सरल ने तत्काल स्कूल प्रबंधन व मध्यान भोजन वितरक को मौके पर बुलाया और फटकार लगाई। मध्यान भोजन में लापरवाही और मीनू अनुसार बच्चों को खाना नहीं मिलने की जानकारी मिलने पर नाराज हुए एसडीएम लोकेंद्र सरल ने कहा कि अबकी बार शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बच्चों को दिया जा रहा भोजन का सेम्पल अपने समक्ष थाली में मंगवाकर देखा। और भोजन की गुणवत्ता ठीक न होने पर मध्यान भोजन समूह के नाम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलाबा स्कूल की व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम लोकेन्द्र ने नयाखेरा गांव में बन रही जल जीवन निगम की टंकी निर्माण कार्य मे का निरिक्षण किया और गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर संबंधित अधिकारियो को जांचकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने शमशान घाट की भूमि पर कुछ लोगो द्वारा अबैध कब्जा किये जाने की शिकायत की तो एसडीएम लोकेन्द्र ने मौके पर जाकर स्थिति देखी जहा हकीकत में कुछ लोगों द्वारा श्मशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। एसडीएम लोकेन्द्र ने हल्का पटवारी व अन्य कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए तत्काल उक्त अतिक्रमण को हटवाने के लिए कहा। एसडीएम सरल ने सख्त लहजे में कहा कि उक्त अतिक्रमण अगले दिन तक नहीं रहना चाहिए। बही सरपंच भूपेंद्र से कहा कि तत्काल उचित कार्यवाही कर यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को शव यात्रा ले जाने में अब कोई कठिनाई न हो। साथ ही बारिश का मौसम होने की बजह से शीघ्र ही टीनशेड को बदला जाना चाहिए।

### विजयपुर में सब्जी मंडी तक पहुंची नदी, प्रशासन अलर्ट मोड पर

# क्वारी नदी ने किया रौद्र रूप धारण खाली कराई गईं निचली बस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात से हो रही झमाझम बारिश से विजयपुर में कई गांवों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। क्वारी नदी ने रूद्र रूप धारण करने से विजयपुर विकासखंड मुख्यालय पर भी निचली बस्तियों में पानी भरने की सूचना मिली है। नदी का पानी अधिक हो जाने से प्रशासन ने सब्जी मंडी और उससे सटे बाजारों की दुकानों को खाली कर दिया। लगातार हो रही बारिश और नदी का जल स्तर बढ़ने से प्रशासन निचली बस्तियों में मुनादी करा कर लोगों को अपने घरों को खाली कर ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचने की अपील करता दिखा।

वैसे तो बीती रात से हो रही झमाझम बारिश से मंगलवार की सुबह चारों ओर जल भराव की स्थिति देखने को मिली। कई गांव में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ। विजयपुर मुख्यालय की बात करें तो यहां क्वारी नदी 2021 के बाद पहली बार इतनी उफन गई कि नदी का पानी सब्जी मंडी तक पहुंच गया। यहां क्वारी नदी का पानी पहुंचने के मतलब क्वारी नदी खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गई। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से सब्जी मंडी को पहले ही खाली करवा दिया था और उससे लगे मार्केट की दुकानों में ताले डलवा कर लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की समझाईस दे दी। हालांकि दिन में पानी बंद हो जाने से क्वारी नदी में पानी का उतार देखने को मिला लेकिन रात में बारिश हुई तो निचली बस्तियों में पानी भरने से हालत बिगाड़ सकते हैं इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने एनडीआरएलएफ की टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यालय पर मोटर बोट सहित आपात स्थिति से निपटने में काम आने वाले सुरक्षा के सभी सामान मंगवा लिए गए थे।



#### 4 साल पहले आई थी बाढ़, चलाना पड़ा था रेस्क्यू

वर्ष 2021 में भयंकर रूप से बाढ़ श्योपुर के साथ विजयपुर में भी आई थी तब कोठारी पैलेस में शादी समारोह के बीच क्वारी नदी का पानी भर जाने से एक सैकड़ा के करीब लोग फंस गए थे जिन्हें प्रशासन ने बाढ़ राहत दल की मदद से रेस्क्यू कर निकाला गया। वही हालत दोबारा निर्मित ना हो इस उद्देश्य से प्रशासन ने निचली बस्तियों को खाली करने के लिए न सिर्फ ऐलान कर दिया है बल्कि किला परिसर में स्थित सरकारी स्कूल में लोगों को ठहराने की व्यवस्था नगर परिषद के माध्यम से करवाई गई है।

#### पिपरवास में जलभराव की स्थिति निर्मित

सोमवार और मंगलवार की रात हुई झमाझम बारिश से पिपरवास गांव में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। गांव के दो दर्जन से अधिक घरों में पानी भर गया। यह जल भराव बारिश के पानी का निकास नहीं होने के कारण निर्मित होना बताया जा रहा है। जल निकासी नहीं होने के कारण लोगों को दो से तीन फीट तक घरों के भीतर घुसे पानी में ही रहने को मजबूर होना पड़ा। सड़कों पर भी नदियों की तरह पानी ओवरफ्लो होकर बहते हुए दिखाई दिया। कुल मिलाकर पिपरवास वाले ग्रामीण दिन भर जल भराव के बीच दहशत में रहे।

#### 300.14 मिमी पर पहुंचा औसत बारिश का आंकडा

श्योपुर जिले में 01 जुलाई को 14.36 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसके चलते इस बार अभी तक औसत बारिश का आंकडा 300.14 मिली मीटर पर पहुंच गया है। जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 88.14 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

#### इनका कहना

क्वारी नदी का पानी अधिक बढ़ जाने के कारण सब्जी मंडी और उसके पास वाले मार्केट को खाली कर लिया गया है। निचली बस्तियों में मुनादी करा दी है। आपदा प्रबंधन अलर्ट मोड पर है। पटवारी सचिवों को अपनी अपनी पंचायत में रहकर जरूरत पड़ने राहत देने के निर्देश दिए गए हैं। किला परिसर में स्थित सरकारी स्कूल में लोगों को ठहराने भोजन पानी की व्यवस्था के निर्देश नगर परिषद को दे दिए हैं।

**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**


### जिला अस्पताल में दो सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम, जांच में जुटी पुलिस

# मायके पक्ष का आरोप: ससुरालियों ने मिलकर उतारा आरती को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र स्थित उधमपुरा मोहल्ले में बीती शाम को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाने से हुई नवविवाहिता आरती कुशवाह की मौत के मामले में उसके मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि आरती की मौत आत्महत्या नहीं हत्या है, उसे ससुरालीजनों ने मिलकर मौत के घाट उतारा है। इसलिए ससुरालीजनों पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। मायके पक्ष के लोगों के आरोप के बाद कराहल थाना पुलिस तहसीलदार कराहल रोशनी शेख की उपस्थिति में नव विवाहिता के शव को फांसी के फंदे से उतारकर रात को ही जिला अस्पताल श्योपुर लेकर आ गई। जहां मंगलवार की सुबह दो सदस्यीय डॉक्टरों की टीम के द्वारा उसका पीएम किया गया। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद नव विवाहिता का कराहल में अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कराहल कस्बे के उधमपुरा निवासी नव विवाहिता आरती कुशवाह 19 वर्ष पत्नी गोपाल कुशवाह करीब दो साल पहले शादी के बंधन में बंधकर अपनी ससुराल उधमपुरा पहुंची थी। सोमवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच आरती की मौत फांसी पर लटकने के दौरान हो गई। उसका शव ससुराल के एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। इस मामले में ससुराल पक्ष के लोग तो आरती के द्वारा फांसी लगाए जाने की बात बता रहे है। लेकिन बैराढ से कराहल पहुंचे आरती के मायके पक्ष के लोग पति समेत सास ससुर और जेठ जेठानी सहित अन्य ससुरालीजनों पर आरोप लगा रहे हैं कि इन सबने मिलकर आरती की हत्या की गई है और फिर हत्या को फांसी बताने के लिए उसके शव को फांसी पर लटका दिया गया है। मायके पक्ष के लोग रात को ही ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने की एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग पर अड़ गए। लेकिन उन्हें पुलिस अधिकारियों ने समझाइस दी कि पहले पीएम होगा और उसके बाद मामले की जांच की जाएगी। जांच में यदि हत्या किए जाने के साक्ष्य मिलेगे तो ससुरालीजनों पर हत्या का केस दर्ज किया जाएगा।



#### गर्भवती थी आरती, अगले माह होनी थी डिलीवरी

संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी पर लटकने से मौत की नींद सोने वाली नव विवाहिता आरती के फिलहाल कोई संतान नहीं थी, लेकिन वह गर्भवती थी। उसके पेट में आठ माह का बच्चा पल रहा था तथा वह मां बनने वाली थी। उसकी डिलीवरी एक माह बाद होने वाली थी। लेकिन आरती की मौत के साथही उसके पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई।

#### एसडीओपी करेंगे मामले की जांच

मंगलवार को जिला अस्पताल में नव विवाहिता आरती के शव का दो सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने पीएम किया। डॉक्टरों की टीम में डॉ गायत्री मित्तल, डॉ प्रदीप शर्मा शामिल थे। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि इस मामले की जांच एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना करेंगे। एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने बताया कि मामले की जांच के दौरान जो भी साक्ष्य मिलेगे, उसके अनुसार मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# पहले दिन शिक्षकों ने बहुत कम लगाई ई अटेंडेंस, कुछ रहे छुट्टी पर

#### शिक्षक संगठन बता रहे अपनी जीत, विभाग के पास नहीं डेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हमारे शिक्षक ऐप पर ऑनलाइन उपस्थित की अनिवार्यता जिले में पहले दिन सफल नहीं दिखी। अधिकतर शिक्षकों ने स्कूलों में ऑफलाइन उपस्थिति ही दर्ज कराई। कुछ शिक्षक तो ऐसे थे जिन्होंने आकस्मिक अवकाश लेकर ई अटेंडेंस लगाने के पचड़े से बचने का जतन किया। वहीं स्कूल पहुंचे शिक्षकों ने आपस में चर्चा करने के बाद ऑफ लाइन उपस्थिति ही लगाने का निर्णय लिया। हालांकि ऑनलाइन उपस्थिति का डाटा पोर्टल पर अफसरों को दिखाई पड़ता है लेकिन शिक्षा विभाग के अफसर शाम तक जानकारी देने से बचते दिखाई दिए। सूत्रों की मानें तो पहले दिन सिर्फ 20 फीसद शिक्षकों ने ही ई अटेंडेंस लगाई।

सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे इस उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से ही ई अटेंडेंस लगाना अनिवार्य कर दिया है। हालांकि इसके लिए शिक्षकों को पूर्व से ही प्रशिक्षित कर दिया गया था और 1 जुलाई से उपस्थिति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए थे। ऑनलाइन उपस्थिति नहीं लगाने वाले शिक्षकों का वेतन नहीं बनाने की चेतावनी भी दी गई थी। इस निर्णय के खिलाफ शिक्षक संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए 28 जून को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। मंगलवार को शिक्षक संगठनों ने अपने साथी शिक्षकों से ई अटेंडेंस नहीं लगाने की बात मोबाइल के माध्यम से कही। इसका असर यह हुआ कि पहले दिन 80 फीसद से भी अधिक शिक्षकों ने ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज कराई।



#### सरकार के समर्थन में आया जय भीम शिक्षक संघ

उधर जय भीम शिक्षक संघ ई अटेंडेंस के मामले में शासन प्रशासन के समर्थन में उतर आया है। जहां सारे शिक्षक संगठन ई अटेंडेंस लगाने का विरोध कर रहे हैं वही जय भीम शिक्षक संघ ने शिक्षकों से ई अटेंडेंस लगाने की अपील की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष परिचित जाटव ने जिले के सभी शिक्षकों से इस ऐप का उपयोग शिक्षकों के हित में करने की अपील करते हुए कहा है कि ई अटेंडेंस के साथ इस ऐप में शिक्षकों की सुविधा के लिए कई फंक्शन दिए गए हैं शिक्षक उनका लाभ उठाएं।

#### इनका कहना....

एम शिक्षा मित्र 0.3 सर्वर डाउन होने के कारण कितने शिक्षकों ने जिले में अटेंडेंस लगाई है यह जानकारी नहीं मिल सकी है। अधिकतर शिक्षकों ने अटेंडेंस लगाई है। हम बीईओ कार्यालय के माध्यम से डेटा एकत्रित कर रहे हैं।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

पहले दिन जिले में एक भी शिक्षक ने ई अटेंडेंस दर्ज नहीं कराई है। शत प्रतिशत शिक्षकों ने ऑफलाइन उपस्थित ही लगाई है। ई अटेंडेंस शिक्षक तभी लगाएगें जब सभी सरकारी विभागों के कर्मचारियों के लिए इ अटेंडेंस जरूरी कर दी जाएगी।

**रामचरित रावत**
**जिलाध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ श्योपुर**

### 10 हजार 500 का लगाया जुर्माना, पीड़िता को 5 लाख प्रतिकर के रूप में दिए जाने का आदेश

# 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

10 साल की अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं पास्को एक्ट विशेष न्यायाधीश श्योपुर बबीता होरा शर्मा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 10 हजार 500 का जुर्माना भी रोपित किया है। साथही पीड़ित बालिका को 5 लाख रूपए का प्रतिकर दिए जाने के आदेश भी दिए गए हैं। दो साल पुराना यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक पॉस्को एक्ट रिचा शर्मा तथा एडीपीओ हरिओम शर्मा के द्वारा की गई है।

विजयपुर थाना क्षेत्र में यह मामला 24 नवंबर 2023 को तब घटित हुआ, जब अनुसूचित जनजाति वर्ग की 10 वर्षीय अबोध बालिका अपनी सहेलियों के साथ बेर खा रही थी, तभी वहां बर्फ बेच रहे आरोपी संतोष रावत पुत्र महीपत रावत निवासी गढ़ी थाना विजयपुर, उस बालिका को पुआ खिलाने के बहाने अपने साथ झाड़ियों के पीछे ले गया, जहां उसके साथ आरोपी के द्वारा दुष्कर्म कर दिया गया। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने पीड़ित बालिका की रिपोर्ट पर आरोपी संतोष रावत के खिलाफ रेप सहित पॉस्को एक्ट, एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय पॉस्को एक्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी संतोष रावत निवासी गढी को धारा 363, एससीएसटी एक्ट तथा पॉस्को एक्ट में दोषी मानकर आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथही 10 हजार 500 रूपए का जुर्माना भी रोपित कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक पॉस्को एक्ट रिचा शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने पीडिता की आयु 12 साल से कम मानकर अपराध से होने वाले मानसिक और शारीरिक आघात की पूर्ति के लिए पॉस्को एक्ट के अंतर्गत कुल 5 लाख रूपए की राशि प्रतिकर के रूप में पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

## पटवारी पर एफआईआर के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज किए गए पुलिस प्रकरण के खिलाफ कांग्रेस बुधवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी।

यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने प्रेस नोट जारी कर दी। चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे एसपी कार्यालय पर पहुंच कर डीजीपी के नाम एसपी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## वार्ड पार्षद पर लगाए पीएम आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप

श्योपुर। पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा और रिश्वत के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हितग्राही कभी नगरपालिका कर्मचारियों पर तो कभी कलेक्टर द्वारा जांच में लगाए गए पटवारी पर रिश्वत के मांगने के आरोप लगाते रहे हैं अब एक हितग्राही ने अपने ही वार्ड के पार्षद पर पीएम आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। वार्ड क्रमांक 11 निवासी प्रदीप कुमार बेरवा ने कलेक्टर को शपथ पत्र के साथ आवेदन देते हुए बताया कि उसके पास आवास नहीं है और कई बार आवेदन करने के बाद भी आवास नहीं मिला तो उसने इस संबंध में वार्ड पार्षद से चर्चा की तो पार्षद ने उसे बताया कि बिना रिश्वत दिए आवास नहीं मिलेगा। अगर आवास चाहिए तो 15000 हज़ार रुपए रिश्वत देनी पड़ेगी। बकौल प्रदीप बेरवा वह बेहद गरीब है और पीएम आवास योजना के लिए पात्र भी है। लेकिन उसे जानबूझकर योजना से दूर रखा जा रहा है कलेक्टर ने आवेदक को जिला शहरी अभिकरण अधिकारी को भेजते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उधर वार्ड 11 के पार्षद सुमेर सिंह का कहना है कि आरोप निराधार हैं। जिस व्यक्ति ने आरोप लगाए हैं उससे मेरी चर्चा तक नहीं हुई है। उसका नाम पीएम आवास योजना में शामिल है या नहीं मुझे इसकी भी जानकारी नहीं है। राजनीति से प्रेरित होकर षडयंत्र पूर्वक आवेदन दिलवाया गया है।

# मारपीट करने वाले चार आरोपियों को तीन साल का कठोर कारावास, 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसेफ में चार साल पहले पत्थर हटाने की बात पर हुए विवाद के मामले में श्योपुर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को तीन तीन साल का कठोर कारावास और 20 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी है। जुर्माने की राशि चारो आरोपियों को 5-5 हजार रूपए अदा करनी होगी। एक महिला आरोपी को दो दिन का कारावास व एक हजार के अर्थदंड की सजा दी गई।जबकि एक अन्य महिला आरोपी को दोष मुक्त कर दिया गया है।

इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि 16 दिसंबर 2021 को ग्राम तुलसेफ में पत्थर हटाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें लोग घायल भी हो गए थे। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज करते हुए चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान एक पक्ष के आरोपी रामभरत बैरवा, उसके दो भाई रामलखन बैरवा, मुकेश बैरवा तथा पिता प्रहलाद बैरवा निवासी तुलसेफ को 3-3 साल का कठोर कारावास और 5-5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। जबकि महिला आरोपी परसादी बाई पत्नी रामलखन बैरवा को दो दिन के कारावास और एक हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी। उधर एक अन्य महिला आरोपी फोरंती बाई को शंका का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

#### दूसरे पक्ष के तीन आरोपियों को एक-एक दिन का कारावास

लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि इस मामले में न्यायालय ने दूसरे पक्ष के तीन आरोपियों कैलाशचंद बैरवा, उसके भाई शंभू बैरवा तथा पुत्र रघुवीर बैरवा को एक एक दिन के साधारण कारावास और एक एक हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जबकि महिला आरोपी नटीबाई को शंका का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

### सोंईकलां के बायपास किनारे पौधे लगाकर किया अभियान का शुभारंभ

# नेशनल हाइवे 552 के तीनों बायपास किनारे 10 हजार पौधों का रोपण करेगा एनएचएआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान बॉर्डर के पाली पुल से गोरस तक बनाए जा रहे नेशनल हाइवे 552 के निर्माण के दौरान तीन बायपासों का निर्माण किया गया है। दांतरदा का बायपास तो बनकर चालू हो गया है। वहीं सोंईकलां और श्योपुर का बायपास भी जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। जिन पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इन तीनों बायपास सडकों को एनएचएआई हराभरा बनाएगा। इसके लिए तीनों बायपास सडकों के किनारे 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। एनएचएआई ने मंगलवार एक जुलाई को सोंईकलां के बायपास किनारे पौधे लगाकर इस अभियान की शुरूआत कर दी है। नेशनल हाइवे 552 के उप अभियंता विजय कुमार अवस्थी ने बताया कि सोंईकलां बायपास के दोनो किनारों पर मंगलवार को करीब 2 हजार पौधों का रोपण कर दिया गया है। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए गए है। इसके बाद दांतरदा और श्योपुर के बायपास पर भी पौधे लगाए जाने का काम शुरू किया जाएगा।

दरअसल सीएम डॉ मोहन यादव और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह द्वारा एक जुलाई को पौधरोपण दिवस मनाते हुए हाइवे किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में नेशनल हाइवे 552 के अधिकारियों सहित निर्माण कंपनी से जुडे अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मंगलवार को पौध रोपण दिवस मनाते हुए सोंईकलां बायपास पर पौधरोपण किया गया। उधर गोरस से श्यामपुर के बीच पिपरानी, करांई व सिमरोनिया गांव के पास नेशनल हाइवे किनारे आठ सैकडा के करीब पौधो का रोपण किया गया। पौधरोपण किए जाने के दौरान उप अभियंता विजय कुमार अवस्थी, सेपटागॉन अथॉरिटी से, इंजीनियर लाल सिंह, जीतेन्द्र सिंह, प्रणव मिश्रा, आकाश शर्मा, दीप सिंह, प्रमोद पाराशर, ब्रजराज सिँह, कालूवाला, कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनूप दाहिया, दलवीर सिंह, दीपेश कुमार, अनिल मौर्य, शाहिल हुड्डा, केडी, अविनाश शर्मा, आशीष मलिक, नितेश यादव, मयंक उपाध्याय, ग्लोबल अथॉरिटी के टीम लीडर वीरेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र उपाध्याय, ट्राईपात्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक शर्मा तथा कंपनी के अन्य लोग सहित स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भी भागीदारी की गई।



#### दांतरदा में 1500 तो श्योपुर बायपास 6500 पौधों का होगा रोपण

नेशनल हाइवे 552 के सोंईकलां के बायपास पर तो पौधे रोपित कर दिए गए है। वहीं अब दांतरदा और श्योपुर के बायपास पर भी पौधों का रोपण किया जाएगा। उप अभियंता विजय कुमार अवस्थी ने बताया कि दांतरदा बायपास पर 1500 पौधे लगाए जाएंगे। जबकि श्योपुर के बायपास पर 6500 पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए जाएंगे।

# रोपे गए पौधे वृक्ष बनेंगे, तभी सार्थक साबित होगा पौधों का रोपण: जैन

#### पुलिस लाइन में पौधे लगाकर मनाया हरियाली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिसलाइन में मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने पीएचक्यू के निर्देशो के पालन में हरियाली महोत्सव मनाते हुए पौध रोपण किया। पुलिस लाइन में पहुंचे एसपी वीरेन्द्र जैन, एएसपी प्रवीण भूरिया, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने पुलिस लाइन परिसर में अपने अपने हाथों से विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस दौरान एसपी वीरेन्द्र जैन ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को वर्तमान में पौधरोपण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह पौधरोपण तभी सार्थक साबित होगा,जब सभी रोपे गए पौधे वृक्ष बन जाएंगे। इसलिए सभी पुलिसकर्मी पौधे लगाने के बाद उनकी समय समय पर देखभाल भी करें। बताया गया है कि पुलिस का यह हरियाली महोत्सव एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इस दौरान सभी थाना परिसरों सहित पुलिस अधिकारियो के कार्यालय परिसरों में भी पौधे रोपित किए जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दुनातर घाट निर्माण

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के बार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चंदावली के समीप स्थित दुनातर धाम, जामनी और सजनाम नदियों के संगम स्थल पर एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। प्रत्येक वर्ष यहां आयोजित होने वाले मेले में हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। हाल ही में शुरू हुए घाट निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिसके चलते निर्मित घाट कुछ ही समय में उपयोग के लिए असुरक्षित और खतरनाक हो गए हैं। स्थानीय अधिवक्ता कमलेश लोधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि घाट निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। लोधी ने दोषी ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और घाटों के पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण की मांग की है। लोधी ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि धार्मिक स्थल के लिए बने घाट इतनी जल्दी खराब हो गए। यह जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ है। हम चाहते हैं कि प्रशासन इसकी गहन जांच करे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मांग का समर्थन किया है और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

### शिक्षकों ने विद्यालय विलय का किया विरोध



**मड़ावरा-ललितपुर।** 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों का नजदीकी विद्यालय में विलय किये जाने की नीति का शिक्षकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान एवं ब्लॉक अध्यक्ष सरमन लाल की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सरकार की नीति के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरकार की तानाशाही नीति की आलोचना करते हुये बताया गया कि विद्यालयों का विलय किया ग्रामीण अंचल के गरीब एवं निरक्षर ग्रामीण अभिभावकों के साथ धोखा है, दूसरे गांव में विद्यालय मर्ज किये जाने से सबसे ज्यादा नुकसान बालिका शिक्षा को होने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को शिक्षा से दूर रखना चाहती है जिसके लिये खोले गये स्कूल अब बन्द किये जा रहे हैं। विद्यालय बन्द करके मदिरालय खोले जाने की नीति का प्राथमिक शिक्षक संघ पुरजोर विरोध करता है, इस नीति को तत्काल वापस लिया जाये अन्यथा किसान आंदोलन की तरह शिक्षक समाज भी सडक़ों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। इस दौरान कई शिक्षक शामिल रहे।

### समाजसेवियों ने किया डॉक्टर्स डे पर सम्मान

**बीना।** स्वास्थ्य सेवा संगठन एवं समाजसेवियों द्वारा जिला अस्पताल सागर के आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सिविल अस्पताल प्रभारी बीएमओ डॉक्टर संजीव अग्रवाल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा कटारे, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत पालिया, डॉक्टर स्वाति कुशवाहा, डॉक्टर सौरभ जैन, डॉक्टर नारायण यादव, डॉक्टर कनक गुप्ता आदि डॉक्टर्स का पुष्पमाला, श्रीफल, मिष्ठान भेंट कर सम्मान किया गया। स्वास्थ्य सेवा संगठन अध्यक्ष मनीष सिंघई, राकेश जैन, महावीर जैन, नवीन साहू, हरीश राजपूत एवं समस्त सिविल अस्पताल बीना स्टाफ द्वारा डॉक्टर्स के द्वारा मरीजों की दिन-रात निरंतर दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

---


## अधिकारियों ने बताया माह के अंत तक शुरू होने की संभावना

# जामनी बांध के गेट होंगे मोटराइज्ड एक क्लिक से खुल जाएंगे सभी गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील मड़ावरा की जामनी नदी पर स्थित जामनी बांध के गेट अब मोटराइज्ड किए जाएंगें। जिससे बरसात के मौसम में बांध में जल भराव अधिक होने से बिजली का प्लग क्लिक करते ही बांध के गेट ऑटोमेटिक खुल जाएंगें। सिंचाई खंड द्वारा कार्य जोरों पर चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि माह जुलाई के अंत तक मोटराइज्ड गेट लग जाएंगें।

तहसील मड़ावरा की जामनी नदी पर वर्ष 1973 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी द्वारा इस बांध का उद्घाटन किया गया था। बांध का निर्माण होने के बाद से इस तहसील के लगभग 145 गांव के किसानों की 33 हजार हेक्टेयर जमींन की सिंचाई होती है। इसके अलावा बांध के पानी से पेयजल आपूर्ति भी की जाती है। साथ ही साथ जानवर भी पानी पीते हैं, बांध काफी पुराना होने के कारण यहां पर लगे छह गेट काफी जीर्णशीर्ण हालत में पहुंच गए हैं। इसके अलावा बांध भी काफी पुराना होने के कारण



केन्द्रीय जल आयोग द्वारा इस बांध की मरम्मत एवं मोटराइज्ड गेट लगाने के लिए 13 करोड़ रूपए की धनराशि आवंटित की थी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सिंचाई खंड द्वारा इस बांध की मरम्मत एवं गेट लगाए जाने का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें बांध में पिचिंग कार्य के अलावा अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद माह जुलाई में मोटराइज्ड गेट लगाने का कार्य किया जाएगा।

### सौंदर्यीकरण भी होगा

जामनी बांध पर मरम्मत कार्य एवं मोटराइज्ड गेट लगने से बांध की सुन्दरता बढ़ेगी, इसके अलावा विभाग द्वारा बांध पर सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। बताया गया है कि इस बांध पर छह गेट लगे हुए हैं। बांध का पूर्ण जलाशय जल स्तर 403.55 मीटर है। सोमवार तक इस बांध में 396.11 मीटर था। बारिश से बांध का जल स्तर बढने की संभावना है।

### इनका कहना है

केन्द्रीय जल आयोग द्वारा पुराने बांधों की मरम्मत एवं मोटराइज्ड गेट लगाने के लिए धनराशि आवंटित की गयी है। जिसके तहत जामनी बांध पर निर्माण कार्य चल रहा है। माह जुलाई के अंत तक मोटराइज्ड गेट लग जाएंगें।

**भूपेश कुमार सुहेरा** अधिशासी अभियंता

### स्थिति शून्य होने की वजह से जिले में नहीं होगा परिसीमन का कार्य

**ललितपुर।** आगामी पंचायती चुनाव को लेकर शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में परिसीमन का कार्य शुरू कराया जा रहा है। जिसमें सीमा विस्तार कार्य होगा। लेकिन जनपद ललितपुर में स्थिति शून्य होने के कारण परिसीमन कार्य नहीं कराया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में ग्राम पंचायतों का परिसीमन कार्य कराया गया था। जिसमें तीन मोहल्लों एवं गांवों का सीमा विस्तार किया गया था। जिसमें मोहल्ला जुगपुरा, रामनगर एवं ललितपुर ग्रामीण को शामिल किया गया था। वर्ष 2021 में ग्राम प्रधान का चुनाव होने के कारण सीमा विस्तार शून्य माना गया था। जिस कारण जनपद में परिसीमन का काम नहीं होगा। जनपद में कुल 415 ग्राम पंचायतें हैं, जिसमें 750 गांव शामिल हैं। वर्ष 2020 में कराए गए परिसीमन के बाद जनपद में स्थिति शून्य है। सबसे पहला काम निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों का परिसीमन कराया जा रहा है। जिसमें ऐसे गांव जो नगर पालिका की हद में आ चुके हैं, उनका परिसीमन करना है। लेकिन जनपद में स्थिति शून्य होने की वजह से परिसीमन कार्य नहीं कराया जाएगा। वहीं इस मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव का कहना है कि जनपद ललितपुर में स्थिति शून्य होने की वजह से परिसीमन नहीं होगा, जिसकी सूचना शासन एवं निर्वाचन आयोग को भेजी गई है।

---

# चिटफंड आरोपी 25-25 हजार के इनामी को पत्नी समेत पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

एलयूसीसी नामक चिटफंड कम्पनी बनाकर षणयंत्रपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों का कम समय में दोगुना पैसा देने के नाम पर हजारों करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी करने वाले फरार चल रहे ईनामी दम्पति को पुलिस ने सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कम्पनी का मुख्य आरोपी 50 हजार रूपए का मुख्य आरोपी विदेश भाग चुका है। वहीं रवि तिवारी, आलोक जैन सहित 36 से अधिक आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 25-25 हजार रूपए के ईनामी मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला के थाना बेढऩ के धूरीताल पश्चिम हाल निवासी 77 शिव वाटिका थाना लहसुडिया इंदौर निवासी अनुराग बसंल पुत्र महावीर प्रसाद बंसल व उसकी पत्नी आरती बंसल को गिरफ्तार किया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए दम्पति पर आरोप है कि इनके द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए एलयूसीसी चिटफंड कम्पनी बनाकर दोगुना पैसा देने के नाम पर धोखाधड़ी कर करोड़ों रूपए हड़प करने के मामले में फरार चल रहे थे।

पकड़े गए आरोपी अनुराग बंसल व आरती बंसल ने बताया कि इनका एक संगठित गिरोह है, वह लोग एलयूसीसी कम्पनी में लोगों को निवेश कराने के लिए लालच व कई सेमिनार के माध्यम से गुमराह करके उनका पैसा डबल होने की लालच देकर जमा कराते थे। वह लोग सिंगरौली के रहने वाले हैं, वह दोनों पति पत्नी है, वह 2006 में झांसी रहने के लिए आए थे। वर्ष 2009 में पत्नी आरती बंसल एडवान्डेज कम्पनी से जुड़ गई थी, जिसमें काफी पैसा मिलता था। वर्ष 2014 में वह ऑप्सन वन कम्पनी से जुड़ गया था। इसके बाद वह एलयूसीसी कम्पनी में जुड़ गए।

---

## संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने ललितपुर शाखा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा ललितपुर शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे गए अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । रजिस्टरों को अद्यावधिक कर कऩ्शृफर प्रार्थना पत्रों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

---

### करेरा विधानसभा के महेंद्र बौद्ध को रतलाम और नीमच वरिष्ठ प्रदेश सचिव बनाया



**दिनारा/ करेरा।** विधानसभा क्षेत्र के महेंद्र बौद्ध को एड. चन्द्रशेखर आजाद भीम आर्मी भारत एकता मिशन सुनील बैरसिया भीम आर्मी बीफ व राष्ट्रीय अध्यक्ष आ.स.पा. (कां.) संसद सदस्य (लोकसभा) नगीना उत्तरप्रदेश प्रदेश संयोजक -भीम आर्मी भारत एकता मिशन (मध्यप्रदेश)मा. विनय रतन सिंह प्रदेश प्रभारी -राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन (छत्तीसगढ़)करेरा विधानसभा क्षेत्र के महेंद्र बौद्ध को जिला रतलाम और जिला नीमच वरिष्ठ प्रदेश सचिव बनाने पर परम पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एवं मान्यवर कांशीराम साहब जी की विचारधारा 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, मध्यप्रदेश में भीम आर्मी भारत एकता मिशन मध्यप्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए संगठनात्मक मजबूती हेतु प्रदेश कमेटी के पद अधिकारियो को ज़िला स्तर पर मुख्य प्रभारी नियुक्त किये जाते है।प्रदेश के आप सभी जिम्मेदार साथियो से उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास हैं, की आप बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर साहब कांशीराम जी के मिशन / आंदोलन को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश मजबूत करेंगे।

---

**भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष वीरू जाटव ने वार्ड की समस्याओं को लेकर सीएमओ को दिया आवेदनः कोलारस।** नगर के वार्ड क्रमांक.3 जेल कालोनी में वार्ड वासी मूलभूत समस्याओं को लेकर परेशान हैं। जिसमें गंदगी, जल समस्याए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। नवीन पदस्थ नप सीएमओ रमेश भार्गव से भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष वीरू जाटव ने मुलाकात कर सीएमओ भार्गव को मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। इसमें वीरू जाटव के साथ भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के इंदर जाटव, कल्याण जाटव, संजय जाटव, सूरज जाटव सहित कार्यकर्ता व वार्ड वासी मौजूद रहे।

---

# नि:शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर में 70 मरीज किए गए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के नव विवाहितों में बांझपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इसका पता तब चला जब इसके इलाज के लिए एक निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर लगाया गया। नवजीवन क्लीनिक पर लगे इस शिविर में गायनेकोलॉजिस्ट डॉ.सौम्या खैरा ने भोपाल के बंसल हॉस्पिटल के सहयोग से जांच एवं परामर्श दिया। बांझपन विशेषज्ञ डॉ.ऋचा समाधिया ने विशेष परामर्श दिया।

विगत दिवस सिविल लाइन में चर्च के पीछे नवजीवन क्लीनिक में लगे इस विशेष शिविर में संतानहीनता, नसबंदी समस्या, बार बार गर्भपात, फैलोपियन ट्यूब में समस्या, गर्भाशय में गाँठ या शुक्राणुओं की कमी आदि बीमारियों का इलाज किया गया। इस इलाज को करवाने के लिये 70 मरीजों ने पंजीयन कराकर अपना इलाज कराया और अपनी उम्मीदों को नयी दिशा दी। डॉ.ऋचा समाधिया ने बताया कि ज्यादातर मरीजों को पीसीओडी की समस्या पायी गयी। जिसमें अंडाशय



में कई छोटी छोटी गाँठें बन जाती हैं। इस बीमारी का इलाज संभव है। यह बीमारी दवाओं से ठीक हो जाती है।

### इनका कहना है

ललितपुर में भी मरीजों को बाँझपन का प्राथमिक उपचार उपलब्ध है। इसके लिये जागरूकता की आवश्यकता है। यही कारण है कि कैंप लगाकर मरीजों को समाधान उपलब्ध कराया गया है। जल्द ही जनपद वासियों को इस समस्या से निजात दिलाने का उपाय किया जायेगा।

**- डॉ.सौम्या खैरा,** गायनेकोलॉजिस्ट

---

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलारस

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलारस में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ओपी भार्गव ने हालहि में एक कार्यक्रम का आयोजन कर कोलारस के डॉक्टरों का सम्मान किया। सर्वप्रथम रिए डॉ हरिवल्लभ शर्मा, डॉ इंदू जैन, डॉ प्रियंबदा त्रिवेद्वी, डॉ कमल धाकड़, डॉ सुनील रावत, डॉ शशि शाक्य, डॉ नीलेश मेहते, डॉ रश्मि यादव सहित स्टाफ नर्श कल्पना डेहरिया, द्रोपती अहिरवार आदि को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व वप्फ कमेठी के अध्यक्ष सफी काजी। भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मोहित भार्गव, एड, मुस्कान भार्गव, कोसकी भार्गव आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र टीकाकरण विभाग के राजेश कोली, दाउदयाल खेमरिया, द्रोपती अहिरवार, गोलू गुर्जर, बालेंदू रघुवंशी, गिरी गोस्वामी सहित अन्य स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

---

## न्यायालय ने आरोपियों को गैर इरादतन हत्या में पाया दोषी

# नारायण हत्याकांड के दोषियों को सुनाया अदालत ने 7 साल सश्रम का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

11 साल पहले हुई नारायण पारासर हत्याकांड के मामले में न्यायाधीश ने आरोपियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दूसरे पक्ष के आरोपियों को भी मारपीट के मामले में 3-3 की सजा सुनाई है। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्याम सुदंर गुप्ता ने की।

विशेष लोक अभियोजक गुप्ता ने बताया कि करीब 11 साल पहले ग्राम बेलई निवासी विनोद राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 17 मई 2014 की रात्रि करीब 10 बजे बबलू साहू की दुकान के पास बैठा था। तभी आरोपी तलवार, राड और लाठियां लेकर आए और गंदी-गंदी गालियां देकर नारायण पाराशर के साथ मारपीट करने लगे। जिससे उसके दोनों हाथ, दोनों पैर और सिर में चोट आई। मनोज राय एवं हरनाम ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। फिर गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से खत्म करने की धमकी देकर चले गए। गंभीर रूप से घायल नारायण पाराशर की इलाज के दौरान भोपाल में हमीदिया मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले की विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### दूसरे पक्ष को सुनाई 3-3 साल की सजा

वहीं दूसरे पक्ष पर मारपीट के मामले में न्यायाधीश ने आरोपियों को 3-3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक गुप्ता ने बताया कि दूसरे पक्ष फरियादी पूर्व सरपंच हरिशंकर पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 मई 2014 की रात करीब 10-11 बजे ओमप्रकाश के घर के सामने स्कार्पियो से आरोपी नारायण पाराशर, विनोद राय, मनोज राय, विक्की पाराशर और नीतेश पाराशर उतर कर कुल्हाड़ी, लाठी से मारपीट की। साथ ही रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की और अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। विचारण के बाद न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क पर भरोसा करते हुए आरोपी मनोज पिता पूरन सिंह राय, विनोद पिता पूरन सिंह राय, नीतेश पिता चन्द्रशेखर पाराशर नितिन उर्फ विक्की पिता चन्द्रशेखर पाराशर को धारा 325 भादवि में दोषी पाते हुए 3-3 बर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

---

# एसडीओपी शर्मा ने बताया नया कानून आप घर बैठे दर्ज करा सकेंगे शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलारस

भारतीय न्याय संहिता की समझाइश के लिए कोलारस थाना परिसर में मंगलवार को नागरिकों के साथ पुलिस अफ सरों ने चर्चा की। बता दें कि देशभर में नए आपराधिक कानून लागू होने को एक वर्ष पूर्ण हो चुका है जिसके चलते एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर कोलारस थाना परिसर में एसडीओपी अवनीत शर्मा और थाना प्रभारी रवि चौहान ने नागरिकों को नए कानूनों की जानकारी दी। घर बैठे थे, करने का तरीका सहित इससे होने वाले फ ायदे बताए। एसडीओपी अवनीत शर्मा ने बताया कि ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानूनों की विदाई आज से ठीक एक वर्ष पूर्व हो गई थी। आज के दिन भारतीय न्याय संहिता ,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए थे। नए कानूनों के लागू होने से आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। नए कानून में एइलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को मान्यता दी गई है। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग घर बैठे बयान दर्ज करा सकेंगे। थाना प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि आप ऑनलाइन पोर्टल से घर बैठे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

---

## सपा कार्यालय में 52 किलोग्राम लड्डू का काटा केक, फल वितरण सहित हुए अनेक कार्यक्रम

# सपाईयों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव यादव के नेतृत्व में 52 किलोग्राम लड्डू का केक काटकर मनाया गया। इस दौरान आपस में एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया गया। साथ ही लोगों को वितरण किया गया।

इस मौके जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर आज हम सभी समाजवादी कार्यकर्ता यह संकल्प करते हैं कि जिस प्रकार अखिलेश यादव ने डॉ. लोहिया, जनेश्वर मिश्र व मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलकर सदैव आमजन के परेशानियों के संघर्ष का रास्ता चुना। उसी प्रकार हम सभी जनता के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सडक़ पर उतर कर संघर्ष करने के लिए तैयार रहेंगे। वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके विचारों एवं नीतियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के क्रम में कलाकारों ने अखिलेश यादव को शुभकामनाएं संदेश देते हुए अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अशुल जैन अभी खजुरिया, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, तिलक यादव बानोनी, सोबरन सिंह यादव, अनुराग खरे, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, स्वामी प्रसाद यादव, अनवर खान, राम विलास रजक, तुलसीराम अहिरवार,



बाबूलाल पाल, रामदास श्रोतीय, राममूर्ति तिवारी, अनुराग खरे, हरीसिंह यादव, जिजयावन, राजेश जयगुरूदेव, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, राजेश यादव पठारी, आकिब मंसूरी, पुष्पेन्द्र बसवां, आरिफ कुरैशी, नीलू रजक, रूचि, रोहित राठौर, अशोक अहिरवार, अरशद मंसूरी, नरेन्द्र सिंह राजूपत, रामनरेश यादव, विजय यादव, सेंदपाल यादव, रहीश यादव, मक्खन कुशवाहा, प्रमोद इमलिया, राजेश झां आदि शामिल थे।

### ब्लड बैंक में सपाईयों ने किया रक्तदान




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर समाजवादी छात्रसभा गौरव विश्वकर्मा एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल में सपा नेताओं ने बढ़चढक़र रक्तदान किया। साथ ही मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए। इस दौरान हरिसिह यादव, राजेश झां, गौरव विश्वकर्मा, राजीव यादव, अनवर खान, अरशद मंसूरी, आकिब मंसूरी, अभिषेक यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने रक्तदान कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए दीर्घायु की कामना की।

### गोविन्द सागर बांध की तलहटी में हुआ पौधरोपण



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गोविन्द सागर बांध की तलहटी पर पचास से अधिक पौधों का रोपण किया गया। जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, लक्ष्मीनाराण विश्वकर्मा, ज्योति सिंह लोधी, गीता मिश्रा, शत्रघुन यादव, गौरव विश्वकर्मा, सोबरन सिंह, अशोक अहिरवार, गिरधारी सिंह यादव, अंशुल यादव, तिलक यादव बानोनी, राममूर्ति तिवारी, आयुष सैनी, मोहन सिंह यादव आदि मौजूद थे।